**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2667**
**जिसका उत्तर 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**महाराष्ट्र में कोयला खानें**

**2667. श्री संजय उत्तमराव देशमुखः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में स्थित कोयला खानों की संख्या कितनी हैं;

(ख) यवतमाल जिले में स्थित कोयला खानों में कार्यरत कुल श्रमिकों की संख्या कितनी है; और

(ग) यवतमाल जिले में पट्टे पर दी गई कोयला खानों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) :** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में कुल 16 कोयला खानें स्थित हैं। इन 16 कोयला खानों में से, 10 कोयला खानें वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के कमान क्षेत्र में हैं और 6 कोयला खानें नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा आबंटित की गई हैं।

**(ख) :** यवतमाल जिले में डब्ल्यूसीएल की कोयला खानों में कार्यरत कुल मैनपावर 7956 है। इसके अलावा, 6 आबंटित खानों में से, केवल 02 खानों में उत्पादन हो रहा है, जहां 251 मैनपावर कार्यरत है।

**(ग) :** डब्ल्यूसीएल की 10 खानों में से, राष्ट्रीयकरण अधिनियम, 1973 के तहत एक खान के लिए, खनन पट्टा प्राप्त किया गया है, 8 खानों के लिए कोयलाधारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम, 1957 के तहत खनन अधिकार प्राप्त किए गए हैं और अन्य एक खान के लिए, प्रारंभ में खनन पट्टा राष्ट्रीयकरण अधिनियम, 1973 के तहत प्राप्त किया गया था, बाद में विस्तार के लिए, कोयलाधारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम के तहत खनन अधिकार प्राप्त किए गए। इसके अलावा, छह आवंटित खानों में से, तीन आवंटित कोयला खानों को खनन पट्टा प्रदान किया गया है।

****